लोक सभा अध्यक्ष ने गुरु नानक जयंती की पूर्वसंध्या पर देशवासियों को शुभकामनाएँ दीं

नई दिल्ली, 29 नवंबर, 2020 : लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला ने गुरु नानक जयंती की पूर्वसंध्या पर देशवासियों को शुभकामनाएँ दीं।

श्री बिरला ने अपने संदेश में कहा: ''गुरु नानक देवजी की जयंती के पावन अवसर पर सभी देशवासियों को बधाई और शुभकामनाएँ। गुरु नानक देवजी के संदेशों में शांति, प्रेम, करुणा और सेवा के महत्व पर बल दिया गया है और हमारे विचार और कर्म इन्हीं कालातीत और शाश्वत मूल्यों पर आधारित होने चाहिए। वे सर्वदा समानता और भाईचारे की बात करते थे और उनकी दिव्य उपस्थिति आज भी हम सभी का मार्गदर्शन करती है।

कोविड-19 के इस कठिन समय में हमें एक-दूसरे का साथ निभाना चाहिए और संवेदना, भाईचारे और सेवा के मूल्यों के प्रति दृढ़प्रतिज्ञ होना चाहिए। मुझे विश्वास है कि गुरु नानक देवजी के आशीर्वाद और हम सब की एकता और दृढ़संकल्प से हम इस वैश्विक महामारी से निजात पाने में सफलता हासिल करेंगे। इस शुभ अवसर पर हमें गुरु नानक देव जी के प्रति अपने श्रद्धाभाव को मजबूत करने और उनके द्वारा मानवजाति को दिखाए गए संवेदना और भाईचारे के मार्ग पर अग्रसर होने का पुनः संकल्प लेना होगा। ''